# राजकीय महाविद्यालय,बदायूं (उ.प्र.)

---

**(सत्र 2020-21 में महाविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों एवं उपलब्धियों की संक्षिप्त आख्या)**

- ❖ महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा शासन के निर्देशानुसार **ऑनलाइन कक्षाओं** का सुचारू रूप से संचालन किया| राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा जनपद के अन्य महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं,जहाँ राजनीति विज्ञान के शिक्षक नहीं थे, को भी ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से शिक्षा प्रदान की|
- ❖ दिनांक 02.04.2020 से दिनांक 10.06.2020 तक महाविद्यालय की भौतिक विज्ञान परिषद् द्वारा आउटडोर प्रोग्राम के अंतर्गत **"Science: Pathway to Future Technologies" विषयक वेबीनार** में कुल 142 छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता करायी| इसका आयोजन स्कूल ऑफ़ टेक्नोलॉजी,गाँधी नगर,पीडीपीयू द्वारा किया गया था|
- ❖ दिनांक 02.04.2020 से दिनांक 10.06.2020 तक महाविद्यालय की कैरियर काउन्सलिंग एवं रोजगार प्रकोष्ठ तथा भौतिक विज्ञान परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में आउटडोर प्रोग्राम के अंतर्गत प्रो.एच.सी.वर्मा,सेंटर for कंटीन्यूइंग एजुकेशन,आईआईटी, कानपुर द्वारा आयोजित **"Learning Physics Through Simple Experiments" विषयक ऑनलाइन कोर्स** में कुल 07 छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता करायी जिसमे बीएससी की छात्रा संध्या ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया|
- ❖ दिनांक 01.06.2020 से दिनांक 14.06.2020 तक **विश्व रक्तदान पखवाड़े** के अंतर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई (स्वामी विवेकानंद) ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में जनपद में रक्तदान अभियान चलाकर कुल 185 यूनिट रक्त का संग्रह जिला अस्पताल को प्रदान किया| साथ ही दीवार लेखन,पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से स्वयंसेवियों ने जन सामान्य में कोविड 19 के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए अभियान चलाया|
- ❖ दिनांक 03.08.2020 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना,एनसीसी तथा रोवर्स/रेंजर्स इकाइयों व इको रेस्टोरेशन क्लब द्वारा वन महोत्सव के अंतर्गत सुदूर ग्रामीण इलाको में **वृक्षारोपण** किया|
- ❖ दिनांक 01.08.2020 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने चाइनीज राखियों का विरोध कर स्वयं द्वारा निर्मित रखिया सुरक्षा जवानों को बांधी तथा स्वदेशी एवं राष्ट्रप्रेम का सन्देश समाज को प्रदान किया|
- ❖ दिनांक 07.08.2020 को **विश्व स्तनपान सप्ताह** के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नवजात शिशु के लिए माँ के दूध के महत्त्व पर विचार व्यक्त किये गए साथ ही महिला स्वास्थ्य पर भी चर्चा की गयी|
- ❖ दिनांक 19.08.2020 से एनएसएस ने **फिट इंडिया मूवमेंट** की शुरुआत की जो दिनांक 02.10.2020 (गांधी जी की जयंती) तक अनवरत चलता रहा। इसमें योगासन, प्राणायाम, व्यायाम, दौड़, साइकिलिंग

आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेविका अभिलाषा यादव ने 30 एपिसोड का वीडियो लगातार 30 दिन तक जारी कर कठिन से कठिन आसन को आसान से आसान बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया।

- ❖ उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार अभिभावकों/छात्र/छात्राओं/शिक्षकों एवं जन सामान्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से दिनांक 30.08.2020 से दिनांक 31.08.2020 तक दो दिवसीय **"Bharat Centric National Education Policy-2020" विषयक राष्ट्रीय वेबीनार** का आयोजन किया|

- ❖ दिनांक 08.09.2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा **साक्षरता दिवस** पर ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गई।
- ❖ दिनांक 20.09.2020 महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा **"भारतीय भाषाओँ के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता" विषयक संगोष्ठी** का आयोजन किया गया|
- ❖ दिनांक 24.09.2020 को **एनएसएस के स्थापना दिवस** के अवसर पर वर्चुअल गोष्ठी एवं ऑफलाइन शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।
- ❖ दिनांक 02.10.2020 को **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री** जी की जयंती मनाई गई जिसमें छात्र/छात्राओं को राष्ट्र के प्रति इन महान विभूतियों के योगदान एवं उनके विचारों से अवगत कराया गया |
- ❖ दिनांक 04.10.2020 हिंदी विभाग द्वारा छात्र/छात्राओं में पर्यावरण के विषय में जागरूकता एवं उसके संरक्षण हेतु संवेदनशीलता पैदा करने के लिए **"पर्यावरण संरक्षण" विषयक एक चार्ट प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया|
- ❖ दिनांक 07.10.2020 को एनएसएस द्वारा **हैंडवाश अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवीओं को SUMANK पद्धति** के द्वारा हैंड वॉश करने के तौर तरीके सिखाए|
- ❖ दिनांक 15.10.2020 इतिहास विभाग द्वारा **"Role of women in the Revolution of 1857 History" विषयक निबंध प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया|
- ❖ दिनांक 07.10.2020 को एनएसएस द्वारा **हैंडवाश अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवीओं को SUMANK पद्धति** के द्वारा हैंड वॉश करने के तौर तरीके सिखाए|
- ❖ दिनांक 24.10.2020 को **"संयुक्त राष्ट्र दिवस"** के अवसर राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में वर्तमान परिवर्तित वैश्विक परिद्रश्य में संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता/भूमिका पर चर्चा की गयी|
- ❖ दिनांक 29.10.2020 को एनएसएस के स्वयंसेवकों ने **फसल अवशेष प्रबंधन** हेतु खेत खलिहान का दौरा कर किसानों को पराली जलाने से बचने के लिए आग्रह किया जिससे पर्यावरण संरक्षण हो सके तथा किसानों को पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण का पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के विषय में जागरूक किया जा सके|

- ❖ दिनांक 31.10.2020 को **राष्ट्रीय एकता दिवस** पर शपथ ग्रहण के साथ विचारदान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया| साथ ही प्राध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन/विचार/योगदान पर चर्चा की|
- ❖ महाविद्यालय के क्रीडा विभाग द्वारा दिनांक 06.11.2020 से दिनांक 27.11.2020 तक **इण्टर फैकल्टी क्रिकेट टूर्नामेंट** का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ प्रतिभागिता की|
- ❖ दिनांक 18.11.2020 को एनएसएस के तत्वावधान में **सड़क सुरक्षा सप्ताह** के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के लिए छात्र/छात्राओं को शपथ ग्रहण कराया गया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा गोद लिए गावों नरऊ बुजुर्ग,पड़ौआ, कुलचौरा, रसूलपुर आदि में जन जन जागरूकता अभियान चलाया गया|
- ❖ दिनांक 25.11.2020 को एनएसएस एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में **"अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस"** का आयोजन किय गया जिसमें गोष्ठी के साथ शपथ ग्रहण, निबंध प्रतियोगिता एवं फिल्म का प्रदर्शन किया गया|
- ❖ दिनांक 26.11.2020 को एनएसएस एवं राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में महाविद्यालय में **संविधान दिवस** का आयोजन कर संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- ❖ दिनांक 01.12.2020 को **विश्व एड्स दिवस** पर एनएसएस द्वारा ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया।
- ❖ दिनांक 03.12.2020 को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम **मिशन शक्ति** शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु महाविद्यालय द्वारा कार्ययोजना तैयार की गयी|
- ❖ दिनांक 04.12.2020 को महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग के तत्वावधान में **उत्तर प्रदेश डिजिटल लाइब्रेरी** के प्रयोग के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं को जानकारी प्रदान करने के लिए एक सेमीनार का आयोजन किया गया| इसके अतिरिक्त दिनांक 07.12.2020 से दिनांक 11.12.2020 तक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं को उत्तर प्रदेश डिजिटल लाइब्रेरी के प्रयोग के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी|
- ❖ दिनांक 10.12.2020 को एनएसएस एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में **"मानवाधिकार दिवस"** के अवसर पर वर्चुअल संगोष्ठी आयोजित की गई।
- ❖ दिनांक 22.12.2020 को **पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई** जी की स्मृति में एनएसएस द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 24.12.2020 को अटल जयंती समारोह का समापन हुआ।
- ❖ दिनांक 30.12.2020 को महाविद्यालय में जिला युवा संसद के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिसमें जनपद के कई महाविद्यालयों के युवा छात्र छात्राएं सहभागी बने।

❖ दिनांक 12.01.2021 को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती **राष्ट्रीय युवा दिवस** के रूप में मनाई गई।इसी दिन एनएसएस के बैनर तले युवा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। 5 दिवसीय युवा महोत्सव 16 जनवरी तक चला जिसमें विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई।

❖ दिनांक 23.01.2021 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती को **पराक्रम दिवस** के रूप में मनाया गया।

❖ दिनांक 24.01.2021 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर भाषण, स्लोगन, पोस्टर, स्वरचित काव्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दिनांक 25.01.2021 को जिलाधिकारी महोदय की उपस्थिति में जिला स्तरीय **मतदाता जागरूकता दिवस** का आयोजन किया गया।

❖ दिनांक 20.01.2021 से मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के **आत्मरक्षा प्रशिक्षण पखवाड़े** का शुभारंभ हुआ। जिसमें लगातार पंद्रह दिन तक स्वयंसेविका वैष्णवी गुप्ता, रूपल मान और प्रगति शाक्य ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया|

❖ दिनांक 24.01.2021 को भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा **National Graduate Physics Examination-2021 (NGPE-2021)** का आयोजन किया गया|

❖ दिनांक 28.01.2021 को समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में **"भारत की अखंडता एवं एकता" विषयक पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया|

❖ दिनांक 30.01.2021 को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि **शहीद दिवस** पर छात्र-छात्राओं का एकत्रीकरण हुआ तथा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

❖ दिनांक 01.03.2021 से दिनांक 07.03.2021 तक एनएसएस प्रथम इकाई (स्वामी विवेकानंद) का **सात दिवसीय विशेष शिविर** का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के द्वारा जिलाधिकारी महोदय श्री कुमार प्रशांत द्वारा ग्राम नरऊ बुजुर्ग के प्राथमिक पाठशाला में किया गया|

❖ महाविद्यालय की रोवर्स/रेंजर्स यूनिट द्वारा दिनांक 08.03.2021 से दिनांक 10.03.2021 तक **तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर** का आयोजन किया गया|

❖ दिनांक 12.03.2021 से दिनांक 13.03.2021 तक महाविद्यालय के क्रीडा विभाग द्वारा **इण्टर कॉलेज वीमेन क्रिकेट टूर्नामेंट** का आयोजन किया जिसमें जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों छात्राओं ने भाग लिया| यह जनपद में इस प्रकार का प्रथा आयोजन था जो राजकीय महाविद्यालय, बदायूं द्वारा आयोजित किया गया था|

महाविद्यालय के शिक्षकगण अध्ययन/अध्यापन/शोध/प्रकाशन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं| इसके अतिरिक्त कोविड काल में महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा प्रदेश स्तर पर हुई है| कोविड-19 महामारी द्वारा वैश्विक स्तर पर उत्पन्न अनिश्चितता तथा संकटपूर्ण माहौल में छात्र/छात्राओं तथा आम जन में सकारात्मकता का भाव उत्पन्न करना एक अत्यंत विकट चुनौती थी जिसका सामना सम्पूर्ण विश्व कर रहा था | छात्र/छात्राओं को मनोवैज्ञानिक काउन्सलिंग प्रदान कर उनमें सकारात्मकता का भाव पैदा करना तथा अध्ययन के प्रति उनमे रूचि जाग्रत करना शिक्षकों के समक्ष एक कठिन कार्य था| उत्तर प्रदेश शासन से सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा **" मुस्कुराएगा इण्डिया**

**कार्यक्रम"** के अंतर्गत जनपद बदायूं स्तर पर कुल पांच काउंसलर्स की नियुक्ति की गयी थी जिनका कार्य छात्र/छात्राओं को अवसाद से निकालकर उनमें सकारात्मकता पैदा करना था उनमें से एक काउंसलर राजकीय महाविद्यालय,बदायूं की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथा इकाई (स्वामी विवेकानंद) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल भी थे जिन्होंने जिला नोडल अधिकारी,जनपद बदायूं के रूप में भी अपनी सेवाएँ प्रदान की|

वर्तमान सत्र में महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के द्वारा कुल 05 शोध पत्र विभिन्न ख्याति प्राप्त जर्नलों में प्रकाशित हुए हैं| कुल 06 पुस्तकें/बुक चैप्टर प्रकाशित करा कर शिक्षा जगत में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपना योगदान दिया है| वर्तमान सत्र में प्राध्यापकों द्वारा कुल 32 ओरिएंटेशन/रिफ्रेशर/शोर्ट टर्म कोर्सेज/फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम/ट्रेनिंग कोर्सेज आदि में प्रतिभागिता कर अपनी दक्षता एवं कार्यकुशलता में वृद्धि की है ताकि उसका प्रयोग महाविद्यालय एवं छात्र हित में किया जा सके|